आकाशवाणी श्री विजयपुरम

18.07.2026 समय : 1905

1. भारत का पहला निजी कंपनी द्वारा विकसित ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम–1 श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सफलतापूर्वक प्रक्षेपित।

2. विज्ञान मंथन राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा में द्वीपसमूह के छात्र इषायु थावकर हिमालयन श्रेणी में राष्ट्रीय विजेता बने।

3. खेल एवं युवा मामले विभाग की ओर से कार्बाइंस कोव समुद्री तट में 'बीच वॉलीबॉल टूर्नामेंट' का आयोजन किया जाएगा।

4. जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से अगस्त और सितंबर, माह के लिए एमवी स्वराजद्वीप की संभावित यात्रा कार्यक्रम जारी की गई है।

<><><><><><><>

भारत का ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम–1 सफलतापूर्वक आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया है। भारत ने निजी क्षेत्र की कंपनी, स्काईरूट एयरोस्पेस द्वारा अंतरिक्ष में पैलोड स्थापित करने की क्षमता भी हासिल कर ली है। भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला विश्व का तीसरा देश बन गया है। भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम साराभाई के नाम पर बनाए गए विक्रम–वन भारत का पहला निजी तौर पर विकसित कक्षीय प्रक्षेपण यान है। इसे हैदराबाद स्थित एयरोस्पेस स्टार्टअप, स्काईरूट एयरोस्पेस द्वारा डिजाइन और विनिर्मित किया गया है। आगमन मिशन के अंतर्गत विकसित यह रॉकेट छोटे उपग्रहों के लिए किफायती प्रक्षेपण सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से बनाया गया है। , उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्री जितेन्द्र सिंह ने इस उपलब्धि के लिए स्काईरूट एयरोस्पेस को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि देश के युवाओं को आगे आकर नवाचार में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगी।

<><><><><><><>

विज्ञान भारती, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद और राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद की ओर से विज्ञान मंथन राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया गया। नेवी चिल्ड्रन स्कूल, मिनी बे के कक्षा सातवीं के छात्र इषायु थावकर ने हिमालयन श्रेणी में राष्ट्रीय विजेता बनकर द्वीपसमूह का नाम रोशन किया है। पूर्व आंचलिक स्तर पर, विवेकानंद केंद्र विद्यालय, लंबा लाइन के कक्षा छठीं के छात्र हार्दिक चक्रवर्ती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि नेवी चिल्ड्रन स्कूल, मिन्नी बे की कक्षा नवीं की छात्रा बिदिशा मैती ने तीसरा स्थान हासिल किया। राज्य स्तरीय शिविर में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर में आयोजित होने वाले राष्ट्र स्तरीय शिविर में भाग लेने के लिए पात्र हैं। इन छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए विज्ञान केन्द्र में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अटल सेंटर फॉर ओशन साइंस एंड टेक्नोलॉजी, के प्रभारी अधिकारी डॉ. दिलीप कुमार झा ने विजेताओं को ट्रॉफियां और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

<><><><><><><>

संचार मंत्रालय के डाक विभाग ने इनोवेट इंडिया माई गॉव मंच पर इंडिया पोस्ट शुभंकर डिज़ाइन प्रतियोगिता शुरू की है। प्रतिभागियों को माईगोव पोर्टल के माध्यम से एक मौलिक शुभंकर डिज़ाइन, उसके लिए उपयुक्त नाम और संक्षिप्त अवधारणा–पत्र जमा करना होगा। प्रतियोगिता में प्रविष्टियां भेजने की अंतिम तिथि पन्द्रह अगस्त तक है।

<><><><><><><>

अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष एम. विनोद और महासचिव सैकत बिस्वास के नेतृत्व में नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन मंत्री  गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात की। बैठक के दौरान द्वीपसमूह में पर्यटन के विकास और प्रगति से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए पर्यटन बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और गंतव्य प्रचार को मजबूत करने के लिए मंत्रालय से सहयोग का अनुरोध किया। प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय मंत्री से 'ब्रांड अंडमान' के लिए घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय विपणन अभियान शुरू करने, श्री विजयपुरम के लिए सीधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई उड़ानें शुरू कराने और लगातार बढ़ रहे हवाई किराए को कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया। साथ ही उन्होंने पर्यटन सलाहकार समिति का गठन करने का भी आग्रह किया।

<><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग, पर्यटन विभाग के सहयोग से पच्चीस और छब्बीस जुलाई को कार्बाइंस कोव समुद्र तट में 'बीच वॉलीबॉल टूर्नामेंट' का आयोजन करेगा। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य बीच वॉलीबॉल को बढ़ावा देना, खेल भावना को प्रोत्साहित करना है। सभी वॉलीबॉल खिलाड़ियों और टीमों से तेईस जुलाई तक वॉलीबॉल कोच अब्दुल खालिद से संपर्क कर अपना पंजीकरण कराने को कहा गया है।

<><><><><><>

उप शिक्षा कार्यालय की ओर से दक्षिण अंडमान क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्रों के लिए 'इंटर स्कूल अपर प्राइमरी लेवल नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट 2026' का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य छात्रों में खेल भावना, शारीरिक फिटनेस, टीमवर्क और युवा शिक्षार्थियों के समग्र विकास को बढ़ावा देना है। इक्कीस से तीस जुलाई तक बालिका और बालक दोनों श्रेणियों के लिए आयोजित होने वाली यह प्रतियोगिता राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भातुबस्ती खेल मैदान में आयोजित की जाएगी।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि हाल ही में व्हाट्सएप के माध्यम से द्वीपसमूह में वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों आदि के नाम पर धोखाधड़ी के मामलों में अचानक तेजी आई है। ये स्कैमर्स उच्च अधिकारियों, गणमान्य व्यक्तियों और अन्य व्यक्तियों की फर्जी प्रोफाइल का उपयोग कर पैसों की मांग करते हैं या उनके लिए ऑनलाइन सामान या उपहार खरीदने का अनुरोध करते हैं। इस संबंध में पुलिस ने सभी से इस प्रकार के घोटाले के प्रति जागरूक रहने और व्हाट्सएप पर अज्ञात नंबरों से बातचीत करते समय सावधानी बरतने का आग्रह किया है। ऐसे मामलों की रिपोर्ट राष्ट्रीय साइबर अपराध वेब पोर्टल या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर की जा सकती है।

<><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से अगस्त और सितंबर, माह के लिए एमवी स्वराजद्वीप की संभावित यात्रा कार्यक्रम जारी किए गए हैं। जहाज तीन अगस्त को सुबह आठ बजे कोलकाता, सत्रह तारीख को सुबह दस बजे चेन्नई और इक्कतीस अगस्त को सुबह दस बजे विशाखापत्तनम के लिए रवाना होगा। सितम्बर माह में जहाज बारह तारीख को सुबह दस बजे चेन्नई जाएगा। इस यात्रा के लिए टिकटों की अग्रिम बुकिंग बीस जुलाई सुबह नौ बजे से ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है। उपयोगकर्ताओं की सुविधा के लिए, सीधे पोर्टल से जोड़ने वाला एक क्यू आर कोड भी प्रदान किया गया है। इसके अलावा टिकट सभी कार्यदिवसों में सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक और शनिवार को सुबह नौ बजे से दोपहर बारह बजे तक स्टार्स टिकटिंग काउंटर से भी बुक किए जा सकते हैं।

<><><><><><>

विशाखापत्तनम से आ रहे जहाज एमवी स्वराजद्वीप के कल सुबह दस बजे  श्री विजयपुरम पहुँचने की संभावना है। जहाज में लगभग साढ़े पांच सौ यात्री सवार है। जहाज हैडो जेट्टी पर लगेगा।
इस बीच, एमवी स्वराजद्वीप बाईस जुलाई को सुबह दस बजे श्री विजयपुरम से चेन्नई के लिए रवाना होगा। अतिरिक्त सामान की जांच इक्कीस जुलाई को दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक चलेगी। यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य जहाज रवानगी के दिन सुबह सात बजे से नौ बजे तक किया जाएगा।

**<><><><><><><>**